# सारंग ने किया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

भोपाल (काप्र)।

**एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने गुरूवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है।**



यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल अकादमियों से जुड़ाव और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर मिलेंगे। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश में पहली बार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को नवाचारपूर्ण तरीके से प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल खेलों से जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशा जाएगा। श्री सारंग ने बताया कि तीन-चरणीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे। जिसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जायेगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वहीं तृतीय चरण में शीर्ष खिलाड़ियों को खेल अकादमियों और 'खेलो एमपी' सहित विभाग की प्रमुख प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर भविष्य के चैंपियन तैयार किए जाएंगे।

श्री सारंग ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चें खेल के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व व बौद्धिक विकास पर भी कार्य करेंगे। विद्यार्थियों को व्हॉलीबाल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताईक्वांडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबिल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एरोबिक, स्कवैश, एथलेटिक्स, शूटिंग (रायफल/पिस्टल) का प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं इन खेलों के साथ ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास भी किया जायेगा। जिसमें आध्यात्म, योग सहित विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है। श्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने के लिये विद्यार्थी 18 मई तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। पंजीकरण लिंक विद्यार्थियों को स्स्ू के माध्यम से प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि लिंक के माध्यम से विद्यार्थी सरलता से अपना पंजीयन पूरा कर सकेंगे।

# सीवेज और नाली मरम्मत वर्षा पूर्व करना सुनिश्चित करें : कृष्णा गौर

भोपाल (काप्र)।



**पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों का भ्रमण के दौरान जनता से उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि समस्याओं का मौके पर निराकरण के प्रयास भी किये जा रहे है। उन्होंने कहा सीवेज, नाली मरम्मत आदि के कार्यों को वर्षा पूर्व करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।**

श्रीमती गौर को शंकराचार्य होम्स के रहवासियों ने जलापूर्ति में कम प्रेशर, पानी की कमी, स्ट्रीट लाइट की खराबी एवं सीवेज संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। राज्यमंत्री ने शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अंजलि विहार के नागरिकों ने जनसंवाद के दौरान जलापूर्ति, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था जैसे विषयों को उठाया। इस पर त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। प्रोसपेरा कॉलोनी, वैष्णों परिसर और श्री रामेश्वरम कॉलोनी के रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने, सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने, स्ट्रीट लाइट सुधारने एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यशोदा गार्डन में नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने एवं पार्क निर्माण कार्यों को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। गायत्री विहार में रहवासियों ने बताया कि सीवेज लाइन तो हैं, लेकिन वह सीवेज नेटवर्क से कनेक्ट नहीं है। राज्यमंत्री ने मौके पर जाकर अधिकारियों को सीवेज लाइन का कार्य बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। शिव शक्ति मंदिर गुलाबी नगर में मंदिर के आसपास पेविंग ब्लॉक, स्ट्रीट लाइट, 2 हाईमास्क और मंदिर के मुख्य द्वार पर गेट की मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए अधिकारियों को शीघ्र इन्हें पूरा करने के लिए निर्देशित किया। भेल संगम कालोनी बाग सेवनिया के रहवासियों ने मुख्य रूप से 80 फीट रोड पर लाइट की व्यवस्था, खुली पड़ी नालियों पर फर्श लगाने, मेन रोड पर स्पीड से वाहन गुजरते हैं, इसलिए ब्रेकर बनवाने की मांग की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए बताया कि निर्माण एजेंसी जल्द काम शुरू कर देगी। उन्होंने तुरंत ही निर्माण कार्य के लिए भूमि-पूजन भी कर दिया।

# चित्रगुप्त महाराज का प्राकटयोत्सव 4 को

भोपाल (काप्र)।

म.प्र.युवा कायस्थ संगठन, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, चित्रगुप्त समाज, जिला चित्रगुप्त कल्याण मंडल सहित भोपाल के समस्त 22 कायस्थ समाज के संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कायस्थ समाज के आराध्य देव देवाधिदेव चित्रगुप्त महाराज के प्राकटयोत्सव पर्व 4 मई को सांय 5 बजे भोपाल के जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर से एक विशाल शोभा यात्रा चल-समारोह के रूप में आरंभ होगी।

अभाकाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विश्वास सारंग झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हमें सामाजिक एकजुटता व शक्ति को दिखाने के लिए बड़ी संख्या में सपरिवार उपस्थित हों । चल समारोह चित्रगुप्त मंदिर जवाहर चौक से आरंभ होकर टी.टी.नगर से रोशनपुरा होकर वापस पहुंचेगा, रास्ते में अनेक जगह मंच बनाकर फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत होगा व छाछ और शरबत भी पिलाया जायेगा । बैठक सर्वश्री अजय श्रीवास्तव नीलू, सुनील श्रीवास्तव, दीपक खरे, संजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ, मेजर जनरल श्याम शंकर श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, राजेश नारायण श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव, , वेदाशीष रानू, शैलेन्द्र निगम, मीना श्रीवास्तव, राशि सक्सेना, राजकुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## मुख्यमंत्री ने टूरिज्म हट का किया शुभारंभ

**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा जिले के आइलैंड ईको पर्यटन क्षेत्र चारखेड़ा में निर्मित 5 टूरिज्म हट का लोकार्पण किया। उन्होंने पक्षियों के लिए निर्मित सकोरों में जल भी भरा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चारखेड़ा में पर्यटन विस्तार के लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें क्षेत्रीय जनता के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का चारखेड़ा पहुँचने पर पारंपरिक जनजातीय नृत्य से स्वागत, अभिनंदन किया गया।

# पांढुर्णा, मैहर, डिंडौरी समेत कई जिलों में गिरे ओले हुई बारिश

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। अलग-अलग स्थानों पर बनी दो मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। गुरुवार पांढुर्णा, मैहर, डिंडौरी समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।**

जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया। मौसम विभाग ने रात में डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, सिवनी और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही प्रदेश के कई जिलों गर्मी ने लोगों को परेशान किया दिन का पारा 43 डिग्री पार दर्ज किया है। राजधानी भोपाल में भीषण गर्मी रही है। यहां का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है मौसम का इस तरह का मिजाज चार-पांच दिन तक बना रह सकता है।

मई के पहले ही दिन उज्जैन, शाजापुर, रतलाम, गुना और नरसिंहपुर में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। शाजापुर सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.7 डिग्री सेल्सियस रहा। रतलाम में 43.6 डिग्री, उज्जैन में 43.4, गुना और नरसिंहपुर में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। धार, खरगोन, खंडवा, शिवपुरी, रायसेन, टीकमगढ़, सागर, दमोह, बैतूल, खजुराहो और नर्मदापुरम में पारा 41 डिग्री या इससे अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 42.5 डिग्री, इंदौर में 42, ग्वालियर में 39.6 और जबलपुर में तापमान 40.2 डिग्री रहा। मई के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। अगले 4 दिन यानी, 1 से 4 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बादल, बारिश, आंधी, गरज-चमक और ओले गिरने की संभावना है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने से अगले 24 घंटे में सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर और डिंडोरी में हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, धार, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भी आंधी-बारिश का अलर्ट है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### ये मोदी की सरकार है ....

उपेंद्रनाथ ब्रह्मा के सम्मान में बने सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला ह। यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की मूर्ति न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती ह। मालूम हो कि बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा असम के महान नेता और समाज सुधारक थे। उन्हें फॉदर ऑफ बोडो पीपुल्स के रूप में जाना जाता ह। उन्होंने बोडो समुदाय के अधिकारों, पहचान और उत्थान के लिए कई प्रयास किए। नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दक्षिण दिल्ली में लाला लाजपत राय मार्ग के एक हिस्से का नाम बदलकर बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा मार्ग करने का निर्णय लिया गया है।

### अमेरिका ने भारत के ....

रहा है। उन्होंने कहा कि अंततराष्ट्रीय समुदाय के लिए आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों की साफ-साफ निंदा करना और उन्हें उजागर करना महत्वपूर्ण है। अमेरिकी और भारतीय रक्षा मंत्री के बीच बातचीत ऐसे समय हुई है, जब पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर पिछले सात दिन से लगातार युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन कर रहा ह।उसने कुपवाड़ा, उरी और अखनूर सेक्टर में गोलीबारी कर रहा है। इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष रुबियो से बातचीत की थी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बातचीत थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा,%%कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में इस बातचीत का विवरण दिया। इसके मुताबिक रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत से आतंक के खिलाफ जंग जारी रखने के साथ तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी काम करने की अपील की। रुबियो ने बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी फोन पर बात की थी।

### कश्मीर में हाई-टेक सुरक्षा ....

आता है तो तुरंत टार्च कैमरा वाइब्रेट करने लगेगा। जिससे यह पता चल पाएगा कि ये संदिग्ध ह। टॉर्च दिखने में सामान्य लगती है, लेकिन इसमें डेटाबेस कनेक्शन, नाइट विजन और वाइब्रेशन अलर्ट सिस्टम जैसी खूबियां हैं। कश्मीर और कटरा के बीच आइसोमैट्रिक वाले सीसीटीवी लगाए गए हैं। जिसके तहत यदि कोई मास्क अथवा चेहरा ढ़ककर भी स्टेशन परिसर में प्रवेश करता है तो लगभग 85 प्रतिशत तक उसकी आंखों और चेहरे के मापदंड को भांपकर यह पता लगया जा सकेगा कि वह असामाजिक तत्व तो नहीं ह। इसके अलावा सभी मौसम के लिए भी कैमरा लगाया गया ह। जिसको स्टील बॉडी में कैमरे को फिट किया गया ह। इसके साथ ही उसमें इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे कि जैसे ही बर्फबारी होगी। उसके बाद ऑटोमेटिक वार्म सिस्टम ऑन होगा। जिससे कि बर्फबारी का असर कैमरे पर नहीं होगा और कैमरा सही से काम कर पाएगा। वहीं बम धमाकों से भी सुरक्षित रहेगा। एआई और हाईटेक निगरानी से आतंकवाद पर शिंकजा कसने की पुरजोर तैयारी ह। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुरक्षा तंत्र रेलवे,पुलों, जंगलों और सार्वजनिक परिवहन को कवर करेगा। नाइट विजन युक्त सीसीटीवी लगाए गए हैं। ये कैमरे 100 मीटर तक रात में भी स्पष्ट तस्वीर दे सकते हैं और सीसीटीवी के जरिए संदिग्ध हरकतें रिकॉर्ड कर सकते हैं।

### संस्कृति, रचनात्मकता और ...

प्रदर्शन किया है और यह दृष्टि अब वेव्स के रूप में साकार हो गई है। श्री मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले संस्करण की शानदार सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने पहले क्षण से ही, इस कार्यक्रम ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है और उद्देश्य के साथ गर्जन है। उन्होंने शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड के समर्पण और प्रयासों को स्वीकार किया, जिसमें वेव्स को रचनात्मक उद्योग में एक ऐतिहासिक घटना बनाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बड़े पैमाने पर क्रिएटर्स चैलेंज और क्रिएटोस्फीयर पहल पर प्रकाश डाला, जिसमें 60 देशों में लगभग 100,000 रचनात्मक पेशेवरों की भागीदारी देखी गई। उन्होंने कहा कि 32 चुनौतियों में से 800 फाइनलिस्टों का चयन किया गया है, उनकी प्रतिभा को पहचाना गया है और उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी गई है। उन्होंने फाइनलिस्टों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब उनके पास वैश्विक रचनात्मक मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने वेवेस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडप में प्रदर्शित रचनात्मक विकास के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने टिप्पणी की कि महत्वपूर्ण नवाचार हासिल किया गया है और वह इन रचनाओं को पहली बार देखने के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री ने नए रचनाकारों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उभरते बाजारों से जोड़ने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए वेव्स बाजार पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कला उद्योग में खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने की अवधारणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की पहल रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है और कलाकारों के लिए नए अवसर प्रदान करती है।

**अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान**

# संतनगर के मुख्य चौराहे पर श्रमिकों के लिए शेड बनेगा

भोपाल (हिनप्र)।

**संतनगर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मजदूरों का सम्मान किया। पार्षद व कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण ने मुख्य चौराहे पर शेड बनाने का वादा किया।**



मारण ने कहा कि वे मजदूरों की समस्याओं को हल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा हूं। जानता हूं, मजदूरों को शेड की कमी के कारण बारिश, गर्मी और सर्दी में लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मारण ने जल्द ही संबंधित अधिकारियों को शेड निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपेने की बात कही। मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जगदीश सांवले ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से शेड और बैठने की जगह की मांग कर रहे हैं, लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी है। प्रदेश कांग्रेस नेता दिनेश मेघानी और अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष जीतू बलवा ने कहा कि कांग्रेस शासन में मजदूरों के लिए मनरेगा और हर मजदूर को प्रतिदिन काम देने जैसी योजनाएं चलाई गई थीं, लेकिन भाजपा ने इन सभी योजनाओं को बंद करके मजदूरों के साथ अन्याय किया है। कार्यक्रम का संचालन महेश गुरबानी ने किया और उपाध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चम्पालाल यादव, मनीष सुर्या, लक्ष्मीनारायण अहिवार, जगदीश यादव, इमरतलाल मिस्त्री, गजराज गौर, पप्पू शर्मा, अर्जुन चौधरी सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर मटके तरबूज का वितरण



भोपाल (हिनप्र)। श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने अक्षय तृतीया पर 40 जरुरतमंद परिवार की महिलाओं को सुख झील दरबार में मटके एवं तरबूज वितरित किए। समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि अक्षय तृतीया पर किसी भी प्रकार का दान का बहुत बड़ा महत्व है विशेष कर इस दिन मटके वितरित करना और अधिक फलदायक है क्योंकि मटका कलश का प्रतीक होता है और इसमें जो जल भरकर पिया जाता उसे जाने अनजाने में किए हुए पाप और दुख समाप्त होते है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल विधानी ने कहा कि दान करने से दुखों का नाश होता है। समिति के सेवा कार्य सराहनीय हैं। भावना उदासी ने कहा सेवा कार्यों से मन में सुकून और शांति मिलती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, सावित्री रघुवंशी (SAVITRI RAGHUWANSHI) पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी निवासी 74/3, ग्राम टोंगा बरेली रायसेन (म.प्र.) की हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मुन्नीबाई रघुवंशी पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी दर्ज है जो कि गलत है । जहां कहीं भी मेरा नाम मुन्नीबाई रघुवंशी पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी दर्ज है उसके स्थान पर सावित्री रघुवंशी (SAVITRI RAGHUWANSHI) पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी पढ़ा एवं लिखा जावे ।

**पुराना नाम**-मुन्नीबाई रघुवंशी पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी
**नया नाम** - सावित्री रघुवंशी (SAVITRI RAGHUWANSHI) पत्नी श्री रामस्वरूप रघुवंशी

325

# समय के सदुपयोग के लिए शिविर से ज्यादा उचित जगह कोई नहीं

**भोपाल (हिनप्र)। संस्कार विद्यालय में छात्रों के समग्र विकास के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में कई तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में नृत्य, खेल, संगीत, कंप्यूटर और कला एवं शिल्प शामिल हैं।**

शिविर का उद्घाटन गुरूवार को मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव और सोनिया पासी ने परंपरागत तरीके से किया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने एक बहुत ही सही निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, इन 24 दिनों के शिविर में आप बहुत कुछ नया सीखेंगे। मुख्य अतिथि कर्नल पारवानी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश केवल छुट्टी मनाने के लिए नहीं है, बल्कि समय का सदुपयोग करने के लिए है, जिसके लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे 24 दिनों तक समय पर आएं और समय का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में उन्हें कौशल विकास का अवसर मिल रहा है और हमारे जीवन में संचार कौशल बहुत महत्वपूर्ण है।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि आज समर कैम्प शुरू हो रहा है, और जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों को इस शिविर में भेजा है उन्होंने बहुत ही समझदारी का काम किया है। उन्होंने कहा, आप शिक्षा को तो 10 महीने देते हैं, बाकी का विकास इस मनोरंजन से ही पूरा होगा। समय के सदुपयोग के लिए इस शिविर से ज्यादा उचित कोई स्थान नहीं है।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-26 मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद अब्दुल्लाह आत्मज श्री समी उल्ला के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 25/07/2017 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद अब्दुल्लाह आत्मज श्री समी उल्ला द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री शफीक खान आत्मज श्री शरीफ खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/04/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री शफीक खान आत्मज श्री शरीफ खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
322 **म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-731/ ए मण्डल द्वारा श्रीमती रेहाना पत्नी श्री जैन उद्दीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 10/01/2005 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 24/01/2025 को पंजीकृत है। श्रीमती रेहाना पत्नी श्री जैन उद्दीन द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री अकबर अली आत्मज श्री हातिम अली (2) श्रीमती फेहमिदा पत्नी श्री अकबर अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्री अकबर अली आत्मज श्री हातिम अली (2) श्रीमती फेहमिदा पत्नी श्री अकबर अली के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
323 **म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-27 मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद अब्दुल्लाह आत्मज श्री समी उल्ला के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 25/07/2017 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद अब्दुल्लाह आत्मज श्री समी उल्ला द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सोहिल खान आत्मज श्री शरीफ खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/04/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री सोहिल खान आत्मज श्री शरीफ खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था /वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
324 **म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1भोपाल**